हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग

Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र. 634 /कुलसचिव कार्या./2021 दुर्ग, दिनांक : 03/08/2021

//सूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालयों के समस्त नियमित विद्यार्थियों हेतु **''भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका–किसी एक महिला के विशेष संदर्भ में''** विषय पर ऑनलाईन वीडियो प्रतियोगिता 4 मिनट का वीडियो बनाकर दुर्ग विश्वविद्यालय के ईमेल आईडी **dsw@durguniversity.ac.in** पर दिनांक 09.08.2021 शाम 5.00 बजे तक भेजना अनिवार्य होगा। वीडियो हिन्दी, अंग्रेजी, अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में बनाया जा सकता है। समस्त प्रतिभागी इस बात का ध्यान रखें कि उनके वीडियो प्रस्तुतीकरण में किसी भी राजनीतिक पार्टी, शासन, धर्म, जाति, सम्प्रदाय, व्यक्ति विशेष, संस्था आदि से संबंधित कोई भी प्रतिकूल अथवा आपत्तिजनक सामग्री का समावेश नहीं होना चाहिए। प्रतिभागियों से निवेदन है कि अपना सम्पूर्ण पता, मो. न. अवश्य भेजें अन्यथा ऑनलाईन वीडियो प्रतियोगिता में सहभागिता निरस्त कर दी जायेगी। किसी भी प्रकार के विवाद के स्थिति में विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति महोदया का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। चयनित पांच सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि वाले विद्यार्थी को 13.08.2021 को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाईन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की राज्यपाल महामहिम, सुश्री अनुसुइया उइके के समक्ष प्रस्तुति देनी होगी।

डॉ. सी. एल. देवांगन
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग